संख्या- 57 / 2018 /743/चार-2018 -50 (बजट)/2018

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 26 मार्च, 2018

विषय:- दिनांक 19 फरवरी, 2018 को मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आवास पर भातखण्डे संगीत संस्थान सम-विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा की गयी प्रस्तुति हेतु रू0 50,000/-की प्रशासनिक /वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3872/ सं0नि0-15(73)/2017-18 टीसी, दिनांक 16 मार्च 2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 19 फरवरी, 2018 को मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आवास पर भातखण्डे संगीत संस्थान सम-विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा की गयी प्रस्तुति हेतु सम्यक् विचारोपरान्त रू0 50,000/- की कार्योत्तर वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है-

(1) उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण/ उपयोग नियामानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

(2) उक्त स्वीकृति धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा सम्पन्न कराये गये कार्यक्रमों पर व्यय विवरण , बिल बाउचर्स आदि नामित नोडल अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

3- उक्त धनराशि हेतु रू0 50,000/- (रूपये पचास हजार मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92- के अधीन लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति - 001 - निदेशन एवं प्रशासन-03-संस्कृति निदेशालय-42अन्य व्यय में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव

संख्या- /2018/ 743 /चार-2018 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(लुटावन राम)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/